धनबाद, शुक्रवार 18 जुलाई 2025, श्रावण कृष्ण पक्ष अष्टमी, संवत 2082

### सदर अस्पताल में आज

| | | |
|---|---|---|
| मेडिसिन | - | डॉ निलम बाला, डॉ पीपी पांडेय |
| हड्डी रोग | - | डॉ मुकेश प्रसाद |
| सर्जरी | - | डॉ संजीव गोलाश |
| नेत्र रोग | - | डॉ सरोजिनी मुर्मू |
| दंत रोग | - | डॉ सुनिता सिन्हा |
| शिशु रोग | - | डॉ मनोज हेमब्रम |
| मनोरोग | - | डॉ मिनाक्षी दुबे |
| स्त्री एवं प्रसूति रोग | - | डॉ संध्या तिवारी |
| फिजियोथेरेपी | - | डॉ दीपाली राय |
| **गायनी इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक | - | डॉ अपूर्वा दत्ता |
| दोपहर 2 से रात 8 बजे तक | - | डॉ अंजना कुमारी |
| रात 8 से सुबह 8 बजे तक | - | डॉ सुमन |
| **जेनरल इमर्जेंसी** | | |
| सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक | - | डॉ एपिल |
| दोपहर 3 से रात 9 बजे तक | - | डॉ राकेश रंजन |
| रात 9 से सुबह 9 बजे तक | - | डॉ मंगेश |

# क्रिकेटर शमी की पत्नी पर हत्या की कोशिश का केस

## हसीन जहां अपनी बेटी के साथ पश्चिम बंगाल के बीरभूम में रह रही हैं, पड़ोसी से विवाद

### मुकदमें में बेटी भी फंसी

एजेंसी। नई दिल्ली

मोहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां और उनकी बेटी अर्शी जहां एक बड़े विवाद में फंस गई हैं. उनका ये विवाद शमी से नहीं बल्कि अपने पड़ोसी से ही हो गया है. इस दौरान हसीन जहां अपने पड़ोसी से हाथपाई कर बैठीं.

जिसके बाद पुलिस ने हसीन जहां और उनकी बेटी अर्शी जहां के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. अर्शी, हसीन जहां के पहले पति की बेटी है. हसीन जहां का अपने पति भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से विवाद चल रहा है. इसकी वजह से वो अपनी बेटी के साथ पश्चिम बंगाल के बीरभूम में रह रही हैं. हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट ने मोहम्मद शमी को उनकी वाइफ हसीन जहां और बेटी आयरा को घर खर्च के लिए हर महीने चार लाख रुपये देने का आदेश दिया था.



### मोहम्मद शमी से चल रहा है विवाद

हसीन जहां का अपने पति मोहम्मद शमी से भी विवाद चल रहा है. हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट ने टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को पत्नी हसीन जहां को 4 लाख रुपये प्रति महीने गुजारा भत्ता के तौर पर देने का आदेश दिया है.इसमें 1.5 लाख रुपये पत्नी हसीन जहां को और 2.5 लाख रुपये उनकी बेटी आयरा को देने का आदेश दिया गया है.

### इस मामले में हुआ विवाद

हसीन जहां अपनी बेटी के साथ मिलकर एक जमीन पर अवैध कब्जा कर रही थीं. इसका विरोध उनके पड़ोसियों ने किया तो वो उनसे हाथापाई कर बैठीं. इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में दिख रहा है कि हसीन जहां एक महिला से हाथापाई कर रही हैं. इस मामले में पुलिस ने हसीन जहां और उनकी बेटी अर्शी जहां पर हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है. टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से विवाद के चलते हसीन जहां काफी समय से अपनी बेटी आयरा के साथ बीरभूम में रह रही हैं. इन दोनों के बीच विवाद काफी समय से चल रहा है. हाल ही में कलकत्ता हाई कोर्ट ने शमी को गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है.

### जेपी वालिया ने धनबाद सीओ समेत चार लोगों पर ठोंका मुकदमा

**धनबाद ।** धनसार थाना क्षेत्र के गांधी नगर सब्जी बगान निवासी जयप्रकाश वालिया ने अपने अधिवक्ता के मार्फत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत में अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, अरुण बर्नवाल, प्रकाश बाऊरी व राजेश के खिलाफ शिकायत वाद दायर किया है. शिकायतकर्ता वालिया ने अपने शिकायत वाद में कहा है कि 10 मार्च 2025 को हजारीबाग आयुक्त धनबाद आए थे. उनसे अंचल अधिकारी धनबाद के खिलाफ लिखित शिकायत करने गया था. वे जैसे ही उन्हें आवेदन देकर बाहर निकला तो एक साथ कई लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया जिससे वे घायल हो गए.

## धनबाद डाकघर में करोड़ों के घोटाले का मामला

# उपडाकपाल समेत आधा दर्जन को सीबीआई ने भेजा जेल

शुभम संदेश। धनबाद

केके पालीटेक्निक डापघर के उपडाक पाल सुमित सौरभ ने विभाग में रहते हुए पद का दुरुपयोग करते हुए करोड़ों का घोटाला किया था. छानबीन में सबसे पहले घोटाले की रकम सवा नौ करोड़ रुपये मानी गई थी और बाद घोटाले की रकम दोगुनी से भी अधिक हो गई. खुद विभागीय जांच में खुलासा हुआ था कि इस घोटाले को शातिर तरीके से अंजाम दिया गया था और कई अन्य विभागीय लोगों के संलिप्त होने का संदेह था. इस मामले को लेकर उत्तम कुमार सिंह, वरिष्ठ अधीक्षक डाकघर, धनबाद डिवीजन की तरफ से सीबीआई से भी शिकायत की गई थी. मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की थी. इसी मामले में सीबीआई ने आरोपी डाकपाल समित सौरभ समेत अजय गोप, रंजीत दत्ता, सागर पंडित और प्रमोद गोप को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया.



### ये हैं नामजद अभियुक्तों पर आरोप

1.सुमित कुमार सोराव, तत्कालीन सब पोस्ट मास्टर, के.के. पॉलिटेक्निक सब पोस्ट ऑफिस, गोविंदपुर, धनबाद.2. परितोष लकरा तत्कालीन पर्यवेक्षक (लोअर सेलेक्शन ग्रेड पोस्टल असिस्टेंट), डब्ल्यूटीसी, हेड पोस्ट ऑफिस 3. शंकर भटिया, तत्कालीन पोस्टल असिस्टेंट (सेविंग बैंक नियंत्रण), हेड पोस्ट ऑफिस, धनबाद 4. भरत प्रसाद, तत्कालीन पोस्टल असिस्टेंट (सब अकाउंट), हेड पोस्ट ऑफिस, धनबाद। तत्कालीन पोस्टल असिस्टेंट (सब अकाउंट), हेड पोस्ट ऑफिस, धनबाद 5. अज्ञात अन्य, जो कि अवधि 2018 से 2024 के दौरान आपस में साजिश रचकर डाक विभाग को धोखा देने और अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए फ्रॉड और बेईमानी की.

### हर खाते से खुलेते गए राज

सीबीआई जांच से पता चला कि सुमित कुमार सोराव ने पीओएसबी खाते नंबर 3519214807 में कुल धोखाधड़ी राशि Rs. 29,50,000 जमा/क्रेडिट की और अजय गोप (निजी व्यक्ति) के पीओएसबी खाते नंबर 010032975821 में Rs. 82,65,00 जमा किया. इसके बाद श्री सुमित कुमार सोराव के निर्देश पर अजय गोपे ने अपने आईपीपीबी खाते नंबर 100002451481 से राशि को विभिन्न व्यक्तियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया. इसके अतिरिक्त, अजय गोपे ने सुमित कुमार के निर्देश पर पोस्ट ऑफिस काउंटरों से राशि निकाली (जमा पर्चियों का उपयोग करते हुए) और थोड़ी राशि अपने पास रखने के बाद बाकी राशि को सुमित कुमार को सौंप दी, जिसका उपयोग उसने व्यक्तिगत रूप से किया।(ii) जांच से पता चला कि सुमित कुमार सोराव ने पीओएसबी खाते नंबर 010019951585 में कुल धोखाधड़ी राशि Rs. 17,15,100 जमा/क्रेडिट की, जिसमें से राजीव कुमार दत्ता (निजी व्यक्ति) के पीओएसबी खाते नंबर 4480848893 में (जो बुलबुल कुमार और राजीव कुमार दत्ता के संयुक्त खाते में है) Rs. 33,00,00 जमा किया गया. इसके बाद सुमित कुमार सोराव के निर्देश पर राजीव कुमार दत्ता ने अपने आईपीपीबी खाते नंबर 020610005786 से राशि को विभिन्न व्यक्तियों के बैंक खातों में ट्रांसफर किया.

(शेष पेज-11 पर)

# स्वच्छता में धनबाद को देश में 35वां और झारखंड में 5वां स्थान

शुभम संदेश। धनबाद

गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में, भारत के राष्ट्रपति की उपस्थिति में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 की रिपोर्ट जारी की गई. इस कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किया गया. इस सर्वेक्षण में धनबाद नगर निगम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 35वां स्थान प्राप्त किया है.

इसके साथ ही, झारखंड राज्य में धनबाद ने 5वां स्थान हासिल किया है. धनबाद को ओडीएफ प्लस का दर्जा भी प्रदान किया गया है, जो यह दर्शाता है कि शहर ने सार्वजनिक स्वच्छता, शौचालयों की उपलब्धता और उनके रखरखाव के मामले में सराहनीय प्रगति की है. यह उपलब्धि धनबाद नगर निगम, नगरवासी और स्वच्छता कर्मियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है, जो स्वच्छ और बेहतर धनबाद के निर्माण में जुटे हुए हैं.

**स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की सूची में कौन कहां**

| रैंक | जिला | स्कोर | रैंक | जिला | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जमशेदपुर | 11588 | 11 | दुमका | 6263 |
| 2 | बुंडू | 7911 | 12 | गढ़वा (निप्र). | 6124 |
| 3 | चाकुलिया (नप्र) | 7878 | 13 | रामगढ नगर परिषद | 6036 |
| 4 | जुगसलाई (एम) | 7653 | 14 | चिरकुंडा | 5768 |
| 5 | धनबाद | 7196 | 15 | सरायकेला | 5720 |
| 6 | लातेहार | 7147 | 16 | खूंटी (नि.प्र.) | 5653 |
| 7 | मानगो | 7056 | 17 | चाईबासा | 5619 |
| 8 | रांची | 6835 | 18 | राजमहल | 5528 |
| 9 | सिमडेगा | 6615 | 19 | साहिबगंज | 5389 |
| 10 | आदित्यपुर | 6401 | 20 | देवघर | 5221 |

### ढुल्लू मामले में कोर्ट का फैसला 26 को

**धनबाद (शुभम संदेश)।** डोमन महतो पर जानलेवा हमला करने के मुकदमे की सुनवाई गुरुवार को अदालत में हुई. धनबाद के एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश डी सी अवस्थी की अदालत ने सांसद ढुल्लू की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ललन ओझा व अपर लोक अभियोजक सतेंद्र राय की दलील सुनने के बाद मुकदमे में निर्णय के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित कर दी. अदालत में मामले के आरोपियों को सशरीर हाजिर होने का आदेश दिया है.

### घर-घर जाकर बीएलओ सुधारेंगे मतदाता सूची

**धनबाद (शुभम संदेश)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गुरुवार को 40 धनबाद विधानसभा क्षेत्र के 458 मतदान केंद्र के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) तथा बीएलओ सुपरवाइजरों का दस दिवसीय प्रशिक्षण अनुमंडल कार्यालय (पुराना समाहरणालय) के सभागार में संपन्न हआ.धनबाद विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि गत 8 जुलाई से प्रशिक्षण शुरू हुआ था. दस दिवसीय प्रशिक्षण में धनबाद विधानसभा के 458 मतदान केंद्र के बूथ लेवल ऑफिसर व 48 बूथ सुपरवाइजर को स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (विशेष गहन पुनरीक्षण) का प्रशिक्षण मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार वर्मा, राजेश साहनी, सतीश राय, बिनोद सिंह ने दिया. प्रशिक्षण में बीएलओ व सुपरवाइजरों को उनके कर्तव्य, घर-घर गणना, फार्म के साथ देने वाले दस्तावेजों की सूची, मतदान केंद्र का नक्शा (नजरी नक्शा) के साथ वोटर को टैग करना, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन, दावे एवं आपत्ति की अवधि, मतदाताओं के एड्रेस का मानकीकरण, बूथ लेवल एजेंट के साथ सहभागिता सहित अन्य विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### लाठी चार्ज के विरोध में आज प्रतिवाद सभा

**चासनाला।** आसनबनी में जबरन भूमि अधिग्रहण करने में लाठी चार्ज के बाद विस्थापन विस्थापित संघर्ष मुक्ति मंच द्वारा आसनबनी में शुक्रवार को प्रतिवाद सभा की जायेगी. आम सभा में भाग लेने वाले नेताओं में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, अखिल भारतीय किसान सभा के झारखंड राज्य नेता सुफल कुमार महतो, कांड्रा चासनाला विस्थापित मोर्चा बाइक रैली के साथ, सीपीएम के राज्य कमिटी सदस्य तथा बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुंदरलाल महतो, सचिव योगेंद्र महतो, सीपीएम के जिला सचिव संतोष कुमार घोष, सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, जनवादी महिला समिति की नेत्री रानी मिश्रा, कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने सहमति दी है.

### नीरज हत्याकांड में बिनोद सिंह की बहस पूरी

**धनबाद ।** चर्चित नीरज हत्याकांड की सुनवाई गुरुवार को धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. इस दौरान आरोपी विनोद सिंह की ओर से अधिवक्ता कुमार मनीष ने उनके बचाव में दलील पेश की. कोर्ट में बहस करते हुए अधिवक्ता मनीष ने कहा कि विनोद सिंह के विरुद्ध आपराधिक षडयंत्र कर नीरज समेत अन्य की हत्या कराने का कोई साक्ष्य नहीं है, केवल सह अभियुक्त के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उसका नाम इस केस में लाया गया. अपराधिक षडयंत्र साबित करने के लिए मीटिंग ऑफ़ माइंड को साबित करना आवश्यक है जो इस केस में नहीं हैं.

### मधुगोड़ा शिशु मंदिर विवाद में दोनों तरफ से मुकदमा

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत बिराजपुर स्कूल में स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मधुगोडा-बिराजपुर के मुख्य गेट में सोमवार को नरेगा के लाभुक, मजदूरों द्वारा ठेकेदार शिक्षक जानकी प्रसाद के विरोध में लाठी डंडा से लैस होकर हंगामा करने के मामले में दो पक्षों के आवेदन पर गुरुवार को बरवाअड्डा थाना दोनों पक्षों खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है. इस संबंध में राधानगर निवासी सुशील हेंब्रम ने थाना में दिए आवेदन में कहा है कि बिराजपुर पंचायत भवन से अपने घर राधानगर जा रहा था. इस दौरान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मधुगोडा-बिराजपुर के शिक्षक जानकी प्रसाद साव ने रोक और जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए अपमानित किया और जान मारने की धमकी दी.

### बारामुरी में 320 पीएम आवास फ्लैट्स का उद्घाटन आज

#### नगर विकास मंत्री करेंगे गृह प्रवेश

**धनबाद (शुभम संदेश)।** धनबाद के बारामुरी में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तीसरे घटक के तहत निर्मित 320 किफायती आवासों का उद्घाटन और गृह प्रवेश समारोह शुक्रवार को आयोजित किया जा रहा है. इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में झारखंड के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, धनबाद के सांसद, सभी स्थानीय विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे. बारामुरी बाबूडीह में दो एकड़ जमीन पर झारखंड शहरी विकास कंपनी (जुडको) द्वारा निर्मित इन आवासों का निर्माण आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों और निम्न आय वर्ग के लिए किया गया है। प्रत्येक फ्लैट 320 वर्ग फीट का है, जिसमें एक बेडरूम, लिविंग रूम, रसोई, शौचालय और बालकनी शामिल है. इन फ्लैट्स की कीमत 3.64 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें से 2.5 लाख रुपये की सब्सिडी के तहत प्रदान की गई है.

# गुण्डाबिहार से चांडिल तक बनेगा रेल फ्लाईओवर और बायपास लाइन

## निर्माण पर लगभग 343.97 करोड़ रुपये का खर्च, रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी

- बायपास लाइन की लंबाई 10 .6 किलोमीटर

शुभम संदेश। कोलकाता

रेलवे यात्रियों और माल ढुलाई को लेकर एक बड़ी खबर आई है. रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत गुण्डाबिहार से चांडिल तक एक नई बायपास रेल लाइन और रेल फ्लाईओवर के निर्माण को मंजूरी दे दी है. इस बायपास लाइन की लंबाई 10.6 किलोमीटर होगी और इसके निर्माण पर लगभग 343.97 करोड़ रुपये खर्च होंगे. इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों को बिना रोके तेज़ी से आगे बढ़ाना है. अभी की स्थिति यह है कि जब भी गुण्डाबिहार से ट्रेनें चांडिल स्टेशन पहुंचती हैं, उन्हें सतह क्रॉसिंग के कारण रुकना पड़ता है. खासकर जब ट्रेनें चांडिल से निमडीह (आद्रा की ओर) जाती हैं, तो अप और डाउन दोनों दिशाओं की ट्रेनों को रोका जाता है, जिससे समय की बर्बादी होती है. इस समस्या को दूर करने के लिए चांडिल स्टेशन पर फ्लाईओवर बनाया जाएगा, जिससे ट्रेनों को रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी और यातायात निर्बाध रूप से चलता रहेगा. इस बायपास लाइन के बन जाने से इस एकल-लाइन सेक्शन की क्षमता बढ़ेगी और आने वाले वर्षों में बढ़ते यात्री और माल यातायात की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा.



ये नया फ्लाईओवर चक्रधरपुर-आद्रा और चक्रधरपुर-रांची रेल मार्गों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी देगा और पहले से मंजूर तीसरी और चौथी लाइन परियोजनाओं के साथ जुड़कर रेल नेटवर्क को और मजबूत बनाएगा.

इस परियोजना से न सिर्फ ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी, बल्कि यात्रियों को समय की भी बचत होगी और माल ढुलाई भी और अधिक कुशल हो सकेगी.

## एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन का बारीकी से निरीक्षण का निर्देश

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारी

- एयरपोर्ट व कार्यक्रम स्थल पर बनेगा कंट्रोल रूम

शुभम संदेश। धनबाद

राष्ट्रपति के आईआईटी आईएसएम में निर्धारित कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने तैयारियों की समीक्षा की. उपायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित अन्य सभी अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए एक-एक लाइजनिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति की जाएगी. इसके अलावा कार्यक्रम स्थल, एयरपोर्ट, कारकेड, वाहन, ट्राफिक मुवमेंट, रूट लाइन, साफ सफाई, मीडिया मैनेजमेंट, सेफ हाउस सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए एक-एक



नोडल पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्त की जाएगी. राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों के आवसान सहित अन्य सुविधाएं, एयरपोर्ट तथा कार्यक्रम स्थल पर कंट्रोल रूम बनाने का उपायुक्त ने निर्देश दिया.

इसके अलावा स्टेज, सेफ हाउस, डी-एरिया, ग्रीन रूम, प्रवेश एवं निकास द्वार, कार्यक्रम स्थल तथा एयरपोर्ट पर अग्निशमन वाहन एवं एम्बुलेंस सहित अन्य बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए.

उपायुक्त ने पथ निर्माण विभाग, पीएचईडी, भवन प्रमंडल, नगर निगम सहित सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाने, एयरपोर्ट से आईआईटी आईएसएम के कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन का बरीकी से निरीक्षण करने का निर्देश दिया.

वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने डीएसपी सीसीआर, डीएसपी मुख्यालय 1 एवं डीएसपी ट्रैफिक को एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक रूट लाइन में आने वाले गोल चक्कर, कट, गति अवरोधक इत्यादि का आज ही निरीक्षण कर लेने का निर्देश दिया.

बैठक में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खालको, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, आईआईटी आईएसएम के रजिस्ट्रार प्रबोध पांडेय, मयंक यादव, डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम के अलावा पथ निर्माण वभाग, पीएचईडी 1 एवं 2, भवन प्रमंडल, झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, अग्निशमन सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

### बीबीएमकेयू : इंटरनल परीक्षा देने के बाद भी रिजल्ट में अनुपस्थित घोषित

## पीजी के 70 छात्रों के फाइनल रिजल्ट में लापरवाही

- विधायक प्रतिनिधि ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**शुभम संदेश। कतरास**

बीबीएमकेयू अंतर्गत एसएसएलएनटी कॉलेज के 50 और आरएसपी कॉलेज के 20 छात्रों के पीजी सेमेस्टर फाइनल रिजल्ट में गंभीर लापरवाही सामने आई है. छात्रों ने परीक्षा दी थी, फिर भी इंटरनल अंक नहीं जोड़े गए और उन्हें 'अपसेंट' घोषित कर दिया गया. इस लापरवाही के कारण छात्रों के भविष्य पर संकट मंडराने लगा है. विधायक प्रतिनिधि चितरंजन कुमार सिंह ने इस मुद्दे को उठाते हुए परीक्षा नियंत्रक सुमन कुमार बर्णवाल से बात की, लेकिन उन्होंने न तो गलती मानी और न ही समाधान का आश्वासन



दिया. सिंह ने कहा कि सुमन बर्णवाल की कार्यशैली में संवेदनशीलता का अभाव है और उन्होंने छात्रों की समस्याओं को नजरअंदाज किया. उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि जब किसी अधिकारी को कुर्सी से इतना मोह हो जाए कि छात्र की तकलीफें दिखना बंद हो जाएं, तो वह सेवा नहीं, सत्ता का प्रतीक बन जाता है.

उन्होंने एसएसएलएनटी कॉलेज की प्राचार्या शर्मीला रानी के रवैये पर भी नाराजगी जताई. सिंह ने कहा कि छात्रों की समस्याओं को राजनीतिक मुद्दा बताकर प्राचार्या ने अपने कर्तव्यों से मुँह मोड़ा. कॉलेज की दीवारें छात्रों के भरोसे से खड़ी होती हैं, और जब वो भरोसा टूटता है, तो जिम्मेदारी प्राचार्य की बनती है. चितरंजन सिंह ने बीबीएमकेयू कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह को पूरे मामले की जानकारी दी है और चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो मामला राज्यपाल तक ले जाया जाएगा. इस लापरवाही को लेकर छात्रों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है, और वे निष्पक्ष जांच एवं समुचित समाधान की मांग कर रहे हैं.

## गर्भवती महिला की संदेहास्पद मौत ससुराल वालों पर हत्या का आरोप

### भाई ने जतायी दहेज उत्पीड़न के लिए मारपीट की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

**शुभम संदेश। झरिया**

सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत नुनूडीह बस्ती में एक गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है. मृतका की पहचान गिरिडीह निवासी रानी गोराई के रूप में हुई है, जिसकी दो वर्ष पूर्व शादी अमर गोराई से हुई थी. मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है. रानी के भाई संजू कुमार ने बताया कि ससुराल पक्ष लगातार दहेज की मांग करता था और पूर्व में कई बार रानी के साथ मारपीट की गई थी. उन्होंने दावा किया कि बीती रात मारपीट कर रानी की हत्या की गई और बाद में फांसी का रूप देने की कोशिश की गई. संजू ने यह भी कहा कि रानी से रक्षा बंधन पर



मायके आने की बात हुई थी, लेकिन उससे पहले यह दुखद हादसा हो गया. साथ ही उन्होंने पुष्टि की कि रानी गर्भवती थी. घटना की सूचना मिलते ही सुदामडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुँची और शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. इस मामले में ए.एस.आई. मार्शल तुर्की ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह हत्या है या आत्महत्या. फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है.

### ब्रीफ खबरें

#### डुमरा रिजनल अस्पताल से बाइक चोरी

**बाघमारा ।** रिजनल अस्पताल, बाघमारा से बाइक चोरी की घटना हुई है. पीड़ित अस्पताल कर्मी जीवन कृष्ण चक्रवर्ती (चास, कालापत्थर निवासी) ने बताया कि गुरुवार को उनकी स्प्लेंडर बाइक (रजिस्ट्रेशन नंबर JH09K 6601) अस्पताल के पार्किंग स्टैंड से चोरी हो गई. सुबह ड्यूटी के लिए बाइक पार्क करने के बाद, लंच के समय वह गायब थी. बाघमारा पुलिस को सूचना दी गई, और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.यह पहली घटना नहीं है; इससे पहले भी अस्पताल परिसर से कर्मचारियों के वाहन चोरी हो चुकी हैं. अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था की कमी, जैसे अपर्याप्त गार्ड और सीसीटीवी कैमरों का अभाव, चोरों को मौका दे रहा है.

#### पानी के लिए ईस्ट बसुरिया पीओ का घेराव

**तेतुलमारी ।** ईस्ट बसुरिया 6 नंबर के लोगों ने पानी की मांग को लेकर गुरूवार को ईस्ट बसुरिया कोलियरी कार्यालय पहुंचकर पीओ का घेराव किया. महिलाओं का कहना है कि पिछले छः दिनों से पानी बंद है. बरसात के इस मौसम में भी जलापूर्ति बंद होने से पानी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी है. परियोजना पदाधिकारी रंजीत ने महिलाओं को समझा बुझाकर कर पानी देने का आश्वासन दिया. जिसके बाद दोपहर में किसी तरह जलापूर्ति कराया गया. साथ ही परियोजना पदाधिकारी ने एरिया ईएनएम को बुलाकर स्थायी रुप से पानी की समस्या समाधान करने की पहल की.

#### एसजीडी मॉडर्न स्कूल में हरियाली दिवस का आयोजन

**चिरकुंडा ।** एसजीडी मॉडर्न स्कूल में गुरुवार को ग्रीन डे का आयोजन छोटे बच्चों के बीच किया गया. यह आयोजन कक्षा प्रीस्कूल, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए आयोजित किया गया था. प्रकृति के साथ हरियाली दिवस मनाना और पर्यावरण के महत्व को समझाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था . सभी बच्चों के लिए मजेदार कार्यक्रम, नृत्य और गायन का आयोजन किया गया जिसके जरिए हरे रंग के बारे में सिखाया गया और प्रकृति के प्रति प्रेम और सम्मान विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया. स्कूल के प्राचार्य जुबीन बोस और उप प्राचार्या जॉली दत्ता के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ.

#### आंगनबाड़ी सेविकाओं ने प्रशासन से मांगी टैब

**कुमारधुबी ।** एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत पंचमोहली पंचायत भवन में गुरुवार को ग्रामसभा की बैठक आयोजित की गई. बैठक का आयोजन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के निर्देशानुसार व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर किया गया था. बैठक का मुख्य उद्देश्य बाल विकास परियोजना के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में टैबलेट (टैब) की आवश्यकता को लेकर चर्चा करना था, ताकि डिजिटल युग में बच्चों की शिक्षा और निगरानी को बेहतर किया जा सके. बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया पारुल पांडे ने की. इस अवसर पर आंगनबाड़ी सेविका पुतुल मल्लिक, पोषण सखी सुनीता पांडे, साहिया आरती राय, तथा ग्रामवासी बबीता, वंदना देवी, मिठु रक्षित, अंजना दान, तापस गोराई, सोमा चक्रवर्ती, सबिता दत्ता, बबीता मल्लिक सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे. ग्रामसभा में सभी ने टैब की आवश्यकता पर सहमति जताई और प्रस्ताव को जिला प्रशासन तक पहुँचाने की बात कही.

### लापरवाही : नर्स-कंपाउंडर ने किया गर्भवती महिला का ऑपरेशन

## कुमारधुबी अस्पताल में गर्भवती महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**शुभम संदेश। कुमारधुबी**

गलफरबाड़ी मोड़ स्थित कुमारधुबी अस्पताल में लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है. आरोप है कि बिना डॉक्टर की मौजूदगी में 21 वर्षीय महिला श्यामली दास का ऑपरेशन किया गया और उसकी मौत हो गयी. मृतका चिरकुंडा के मोहुलडंगाल की निवासी थी और छह माह की गर्भवती थी. परिजनों के अनुसार, बुधवार को श्यामली को तेज पेट दर्द के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जांच में पता चला कि गर्भ में ही भ्रूण की मौत हो चुकी थी. जिसके बाद ऑपरेशन की प्रक्रिया शुरू की गई. आरोप है कि बिना महिला रोग विशेषज्ञ और सर्जन की मौजूदगी के, कंपाउंडर और नर्स द्वारा ही ऑपरेशन किया गया. इसके चलते अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और गुरुवार की सुबह श्यामली की मौत हो गई.






**परिजनों ने किया हंगामा, तोड़फोड़ :** मौत की खबर मिलते ही परिजन और मोहल्लेवासी अस्पताल पहुंचे और जबरदस्त हंगामा किया. अस्पताल में तोड़फोड़ करते हुए संचालक पर कार्रवाई की मांग की गई. गलफरबाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाकर मामला शांत कराया.

**मुआवजे के बाद परिजन शांत :** बाद में इलाज का खर्च वापस करने और एक लाख रुपये की क्षतिपूर्ति देने पर परिजन शव को लेकर शांत हुए.

**अस्पताल संचालक की सफाई :** अस्पताल संचालक अमन सिंह ने माना कि बिना महिला डॉक्टर की मौजूदगी में इलाज हुआ, लेकिन लापरवाही नहीं हुई है. उन्होंने कहा कि इलाज ईसीएल से रिटायर्ड डॉ. आईएम सिंह और डॉ. सन्नी की देखरेख में हुआ.

#### पहले भी सामने आ चुके हैं लापरवाही के मामले

एग्यारकुंड उत्तर पंचायत की मुखिया काकुली मुखर्जी ने अस्पताल के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि यहां पहले भी लापरवाही से मौतें हुई हैं. न कोई विशेषज्ञ डॉक्टर है, न सुविधाएं. झोला छाप डॉक्टर और नर्सों के भरोसे अस्पताल चलाया जा रहा है. जिला प्रशासन को ऐसे अस्पतालों को बंद कर देना चाहिए. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और स्थानीय लोग दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

## हादसों को दावत देता भीमकनाली अंडरपास सड़क

### आरटीआई कार्यकर्ता ने पत्र लिखकर की मरम्मत की मांग



**शुभम संदेश। बाघमारा**

आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत भीमकनाली अंडरपास के समीप सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर हॉस्पिटल कॉलोनी, डुमरा के आरटीआई कार्यकर्ता महेश कुमार ने दक्षिण पूर्व रेलवे, कोलकाता के महाप्रबंधक और आद्रा रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर तत्काल मरम्मत की मांग की है. उनके पत्र में उल्लेख किया गया है कि यह सड़क आद्रा रेल मंडल के अधीन है और इसकी हालत अत्यंत खराब है. लगभग दो वर्ष पहले ठेकेदार द्वारा राहुल चौक, कतरास से बसंती चौक, खानूडीह तक सड़क की मरम्मत की गई थी, लेकिन निम्न गुणवत्ता के निर्माण के कारण बरसात में सड़क पर पानी जमा हो जाता है. नाली होने के बावजूद पानी का बहाव सड़क पर होता है, जिससे गड्ढे बन गए हैं. इस वजह से कई मोटरसाइकिल सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए हैं. महेश कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि कोई दुर्घटना में मृत्यु होती है, तो इसके लिए आद्रा रेल मंडल प्रबंधन जिम्मेदार होगा. उन्होंने पत्र में मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत की जाए और निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को रोका जा सके. इस संबंध में रेलवे प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है.

## मुगमा जीएम और राकोमयू के बीच वार्ता सफल, मिला आश्वासन

**शुभम संदेश। निरसा बाजार**

राकोमयू की 35 सूत्री मांग पत्र पर गुरुवार को द्विपक्षीय वार्ता मुगमा क्षेत्र के महाप्रबंधक ओम प्रकाश चौबे व यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य एके झा के नेतृत्व में मुगमा क्षेत्रीय सभागार में हुई. जिसमें मुगमा क्षेत्र के जेसीसी सदस्य सह क्षेत्रीय सचिव शशि भूषण तिवारी ने 35 सुत्रीय मांग पत्र पर सभी बिंदुओं को विस्तार से रखा. भूमिगत खदान के लिए नयी एसडीएल मशीन,युडीएम,खदान के अंदर सपोर्ट,ओसीपी खदान में भी नयी मशीन,डोजर,और अन्य मशीनों की व्यवस्था, विस्थापितों को विस्थापन नीति के साथ विस्थापित करने की व्यवस्था,चापापुर खदान में हाइस्पीड परिचालन पर रोक, खदानों में क्रय विभाग को क्वालिटी समानों की गारंटी,ओसीपी खदानों में ओबी डम्प नियमानुसार किया जाना चाहिए,ओसीपी में वाकी टाकी की व्यवस्था,बैजना खदान 29 इंकलाइन, खुदिया की कालीमाटी,लखीमाता की



दोनों इंकलाइन से उत्पादन की व्यवस्था,सहायक प्रबंधक की खदान में जाने की सुनिश्चित करना कुमारधुबी कोलियरी के आवासीय कालोनियों में बिजली और पानी की आपूर्ति, ओरिएंटल कालोनी में पानी की व्यवस्था, रीजनल अस्पताल और सभी खदानों की डिस्पेंसरी में दवाई की व्यवस्था, डिजिटल एक्स-रे मशीन, रीजनल अस्पताल में बाइक स्टेंड, साइडिंग सहित सभी खदानों में महिलाओं के लिए साफ-सुथरा शौचालय और रेस्ट रूम की व्यवस्था, केंटीन की व्यवस्था सभी कोलियरियों में,एरिया स्टोर में फुट पाथ और रंनीग संडे की लिस्ट में लेना शामिल था. सभी मुद्दों पर वार्ता के बाद यूनियन महामंत्री झा ने स्पष्ट कहा कि सभी मुद्दों पर महाप्रबंधक का साकारात्मक पहल रहा. खदानों में उत्पादन और उत्पादकता की बढ़ोतरी कैसे बढ़े हमेशा प्रबंधन को सुझाव देती रही है. महाप्रबंधक ओम प्रकाश चौबे और क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक ए दासगुप्ता दोनों ने बहुत गम्भीरता से वार्ता में साकारात्मक आश्वासन दिया. द्विपक्षीय वार्ता में दुर्गा दास, शशि भूषण तिवारी, बिमलेश चौबे, अर्जुन भुइयां,डी पासवान, सत्येंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सहित कई अन्य उपस्थित रहे.

## मुरलीडीह में बीज लदा ट्रैक्टर जमीन में धंसा

### आए दिन धंस रही जमीन, ग्रामीणों ने प्रबंधन को ठहराया जिम्मेवार

**शुभम संदेश। महुदा**

बीसीसीएल के पश्चिमी झरिया क्षेत्र, मुनीडीह महुदा ग्रुप अन्तर्गत भाटडीह ओपी क्षेत्र के मुरलीडीह कोलियरी स्थित मुरलीडीह बस्ती में गुरुवार की प्रातः किसानों का बीज लेकर जा रहा ट्रैक्टर का एक पहिया अचानक जमीन में धंस गया. ट्रैक्टर चालक ने ग्रामीणों का सहयोग लेकर उठाने का काफी प्रयास किया, लेकिन एक पहिया पुरी तरह से जमीन के अंदर धंस गया. उठाने के लिए अन्य ट्रैक्टर को बुलाया गया, लेकिन डर से कोई नहीं आया. किसान ने इंजन को खोलकर ले गया. बीज भी वहाँ से हटा लिया. सिर्फ डाला वहीं पड़ा रहा. ट्रैक्टर मालिक सह किसान सृष्टीधर महतो ने बताया कि धान लेकर घर की और जा रहा





था. उसी दौरान खेत में अचानक पहिया धंस गया. उन्होंने बताया में कई दशकों पूर्व बीसीसीएल द्वारा इस क्षेत्र में खदान चलाया था. लेकिन कंपनी द्वारा ठीक ढंग से खदान के अंदर बालु भराई नहीं किया गया. जिसके कारण जगह जगह जमीन धंस रहे है. बीसीसीएल को इस ध्यान देने की जरूरत है. नहीं तो मुरलीडीह गांव के चारों और भुधंसान होते रहेगा. इसी तरह विगत वर्ष मुरूलिडीह बस्ती मे भु-धसान हो गया था जिससे एक गरीब परिवार का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था. आरोप है कि बीसीसीएल प्रबन्धन ने मामले में लिपा पोती कर दिया था. जानकार लोगों का कहना है की समय रहते यदि गोफ एरिया की भराई नहीं की गई तो आने वाले समय में बड़ी दुर्घटना होने से इन्कार नही किया जा सकता है. ऐसा हुअ तो जिम्मेवार कौन होगा ?

#### चिरकुंडा में स्वास्थ्य जांच शिविर

**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** इसीएल मुगमा एरिया द्वारा चिरकुंडा गोस्वामी पाड़ा दुर्गा मंदिर में निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर लगाया गया. शिविर में बढ़ चढ़ कर ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य चेकअप करवाया. मौके पर निरसा विधायक अरुप चटर्जी जी इसीएल मुगमा एरिया जीएम ओम प्रकाश दुबे जी के साथ इसीएल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे. सभी को दुर्गा मंदिर कमिटी द्वारा पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया. विधायक और जीएम ने भी अपने शुगर और प्रेशर की जाँच करायी. विधायक चटर्जी ने कहा स्वस्थ स्वास्थ्य को देखते हुए मुगमा इसीएल के सीएसआर के तहत यहां जांच शिविर लगाया गया है. कैंप में शुगर, प्रेशर के साथ अन्य जांच भी हुई. ग्रामीण काफी संख्या में अपना जांच करा रहे है. जांच में इसीएल के द्वारा डॉक्टरों की टीम है.

### न्यूज अपडेट

#### गुनघुसा शिव मंदिर की दानपेटी उखाड़ ले गए चोर



**गोमो (शुभम संदेश)।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुनघुसा गांव के प्रसिद्ध पहाडी शिव मंदिर में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने मन्दिर के दान पेटी को निशाना बनाया. लोहे के ग्रिल गेट को काट कर भीतर रखे दान पेटी को उखाड़ ले गये. दान पेटी में 25-30 हजार रुपये अनुमानित राशि होने की बात बताई गई . घटना की जानकारी गुरुवार की सुबह जब मंदिर के सेवक लखू मंडल मंदिर की साफ सफाई करने पहुंचे तो ग्रिल टूटा पाया और भीतर रखे दान पेटी गायब थी. उन्होने तुरंत इसकी सूचना पुजारी विद्यानन्द झा उर्फ गुड्डु बाबा और स्थानीय ग्रामीणों को दी. मंदिर में चोरी की घटना की खबर मिलते ही बडी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मंदिर पहूंचे और घटना की निंदा की. घटना से लोगो के आस्था पर चोट पहुंची है. लोगों ने चोरों की अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की है . पंचायत समिति सदस्य निरंजन मंडल का मानना है कि स्थानीय नशेडी गिरोह ने घटना को अंजाम दिया है. गुनघुसा व चैता गांव इलाके में बडे पैमाने पर महुआ दारू का अवैध कारोबार धडल्ले से चल रहा है. युवा वर्ग इसके लत से ग्रसित हो रहे हैं, पीने के लिए रुपये नहीं रहने पर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं. पुलिस महुआ दारू के अवैध कारोबारियों पर लगाम लगाने के बजाय आंखें मूंद ले रही हैं. इधर चोरी की घटना की सूचना मिलने पर हरिहरपुर थाना पुलिस दलबल के साथ मंदिर पहुचे, घटना की मुआयना कर जांच में जुटी है.

#### सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने दी आंदोलन की चेतावनी



**कतरास (शुभम संदेश)।** शुक्रवार को कतरास स्थित नया प्राथमिक विद्यालय सेलेक्टेड गोबिंदपुर में राज्य कमेटी के आह्वान पर सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन मोतीलाल महतो एवं चेतलाल महतो द्वारा किया गया. बैठक में चंदन मोदक ने जानकारी दी कि राज्य स्तरीय आंदोलन के तहत आगामी 19 जुलाई को सत्ता पक्ष के विधायकों को तथा 20 जुलाई को धनबाद जिला के विपक्षी विधायकों को मांग पत्र सौंपा जाएगा. सहायक अध्यापकों की प्रमुख मांगों में समान काम के लिए समान वेतन, अनुकंपा नियुक्ति, और पूर्व में दर्ज मुकदमों की वापसी शामिल हैं. वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि राज्य में अब तक जिसने भी सरकार चलाई, उसने सहायक अध्यापकों को केवल ठगने का काम किया है. यदि वर्तमान सरकार ने अन्य राज्यों की तर्ज़ पर हमारी मांगें पूरी नहीं कीं, तो इस बार आर-पार की लड़ाई होगी. बैठक में अभिलाषा झा, मधुमिता मालाकार, परितोष महतो, माणिक महतो, सुरेश कुमार, रामप्रसाद भुइयां, रविन्द्र चौरसिया, दिलीप कुमार मांझी, पवन कुमार समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे.

**समान काम का समान वेतन की मांग हुई तेज**

#### पुरुलिया की किशोरी महुदा में बरामद

**महुदा (शुभम संदेश)।** बुधवार की रात्रि चेकिंग के दौरान लगभग 23:25 बजे ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ सहायक उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह और आरक्षी लालाराम मीणा ने एक नाबालिग लड़की को महुदा बुकिंग ऑफिस के समीप बिना किसी उद्देश्य के घूमते देखा. उन्होंने उक्त नाबालिग लड़की से बातचीत की तो उसने अपनी पहचान अर्चना कोरा उम्र लगभग 16 वर्ष, पिता- मनसाराम कोरा, निवासी- मानपुर, थाना- संतुरी, जिला- पुरुलिया (पश्चिम बंगाल) के रूप में बताई. उसने बताया कि वह अपनी चाची के डांटने के बाद अपने माता-पिता को कोई भी सूचना दिए बिना अपने घर से भाग गई और वह धनबाद सड़क मार्ग से महुदा रेलवे स्टेशन पहुँची. इस दौरान आरपीएफ महुदा में महिला कॉन्स्टेबल नहीं रहने के कारण ड्यूटी पर तैनात महिला स्टेशन मास्टर चिंता कुमारी एवं मंजू कुमारी की उचित देखभाल और संरक्षण में महुदा पैनल में रखा गया. उक्त किशोरी को किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) के दिशानिर्देशों के अनुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध उपलब्ध कराई गई. ततपश्चात उक्त मामले की सूचना रेलवे चाइल्ड लाइन धनबाद को आगे की कार्रवाई के लिए दी गई. सूचना पाकर चाइल्ड लाइन धनबाद के प्रतिनिधि प्रियंका महतो (केस वर्कर) गुरुवार को आरपीएफ पोस्ट महुदा पहुँचे. जहाँ आरपीएफ द्वारा कानूनी औपचारिकताएं पूरा करने के बाद किशोरी को चाइल्ड लाइन के प्रतिनिधि को सौंप दिया गया.

#### सामूहिक खेती के निर्णय से तेलमोचो, लोहपट्टी में खुशी



**महुदा (शुभम संदेश)।** बाघमारा प्रखण्ड के अंतर्गत तेलमोचो पंचायत और लोहापट्टी पंचायत क्षेत्र के महिला समूह के द्वारा कृषि के माध्यम से फसल उत्पादन करने का निर्णय लिया है. ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, सोलह आना ग्राम समिति के साथ आम जन भी खासे उत्साहित है. महिला समूह के सदस्यों ने सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा है कि इस कार्य में सबसे बड़ी बाधक आवारा पशुओं की हैं, जो फसल को नष्ट कर देता है. इसलिए पशु मालिक अपने पशु की देख-रेख स्वयं करे. क्षेत्र संख्या बीस के जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने कहा कि जिनके आवारा पशु फसल नष्ट करेगा उस पशु मालिक को क्षतिपूर्ति का हर्जाना भरना पड़ेगा .

# मनरेगा योजनाओं की बीपीओ ने की जांच

- फुलझरिया पंचायत के कई गांवों का किया दौरा

जितेंद्र सिंह

**गांडेय (गिरिडीह)।** 'शुभम संदेश' अखबार में 16 जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर का एक बार फिर असर देखने को मिला. खबर छपने के बाद मनरेगा बीपीओ मनोज कुमार ने गुरुवार को गांडेय प्रखंड की फुलझरिया पंचायत के विभिन्न गाँवों का दौरा कर मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण और जांच की. इस दौरान उन्होंने कई दिशा-निर्देश भी दिए.

खबर का असर

**किन योजनाओं की हुई जांच :** बीपीओ मनोज कुमार ने फुलझरिया पंचायत के फुलझरिया, कोरियाद सहित विभिन्न गाँवों में निवाजी मियां, सगीर मियां और सकीला खातून के सिंचाई कूप निर्माण की जांच की. इसके अलावा, उन्होंने नुरैसा खातून, समरुद्दीन अंसारी, मोजम्मिल अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, तकरीमा खातून, नेजाम अंसारी के तालाब निर्माण कार्यों की भी जांच की. जांच के दौरान, कुछ योजनाओं में अनियमितताएँ पाई गईं.

## वरीय अधिकारियों को सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट

मनरेगा बीपीओ मनोज कुमार ने बताया कि गांडेय बीडीओ निशात अंजुम के आदेशानुसार फुलझरिया पंचायत में योजनाओं की जांच की गई है. जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को सौंपी जाएगी. बीपीओ के साथ मनरेगा जेई प्रवीण मंडल, रोजगार सेवक हेमंत मरांडी, मुखिया प्रतिनिधि मो. मुख्तार, मो. नजबूल समेत अन्य लोग उपस्थित थे. बता दें कि फुलझरिया पंचायत के ग्रामीणों ने बीते 15 जुलाई को गांडेय बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत के मुखिया सहित अन्य लोगों पर आरोप लगाया था कि पंचायत में संचालित कई योजनाओं में बिना कार्य किए ही राशि की निकासी कर ली गई है. इसी आवेदन के आलोक में बीडीओ के आदेश पर बीपीओ ने योजनाओं की जांच की है.



## सांसद के सौजन्य से चिकित्सा शिविर

**जमुआ (शुभम संदेश)।** कोडरमा लोकसभा सांसद एवं भारत सरकार की महिला विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के सौजन्य से जमुआ प्रखंड के चितरडीह पंचायत स्थित काली मंडा परिसर में एक सांसद सेवा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. इस सांसद चिकित्सा सेवा वाहन के माध्यम से निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया. कैंप में 60 मरीजों का इलाज किया गया. इस दौरान डॉ. शमशेर आलम ने दवाएँ और चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया. ग्रामीणों ने भी इस चिकित्सा शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया. इस अवसर पर सांसद व मंत्री के सहयोगी रामपुनीत, भाजपा सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह, संयोजक सुमन कुमार सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक भूदेव सिंह, महेश राय सहित कई स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

# युवा लायंस फोर्स 1 रुपये में कराएगी कांवर यात्रा, मिलेगी सारी सुविधाएं

शुभम संदेश। बोकारो



हर साल की तरह इस वर्ष भी युवा लायंस फोर्स श्रद्धालुओं को देवघर की कांवर यात्रा महज एक रुपये में कराएगी. युवा लायंस फोर्स केंद्रीय कमेटी की बैठक बोदरो स्थित आवासीय कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता पंकज शर्मा और संचालन करण दास ने किया. इसमें मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे.

**निःशुल्क पोशाक, भोजन और चिकित्सा :** देव शर्मा ने बताया कि प्रत्येक साल की भांति इस साल भी युवा लायंस फोर्स द्वारा 3 अगस्त, रविवार को बोल बम के समूह को मात्र एक रुपये में सभी श्रद्धालुओं को पोशाक, गमछा, कांवर के अलावा गाड़ी, चिकित्सा, फल, मिठाई समेत अन्य कई तरह की खाने-पीने की सुविधा दी जाएगी. शर्मा ने कहा कि पिछले 13 वर्षों से उनका संगठन यह सेवा दे रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के असहाय और दूर-दराज के लोगों को सहायता प्रदान करना है, जो पैसे के अभाव में भगवान शंकर के दर्शन नहीं कर पाते थे.

**सेवा शिविर और वापसी की व्यवस्था :** उन्होंने बताया कि 3 अगस्त को बोदरो स्थित शिव मंदिर से हजारों भक्त चिड़का धाम के लिए रवाना होंगे. इस यात्रा के दौरान प्रत्येक किलोमीटर पर युवा लायंस फोर्स द्वारा सेवा शिविर की व्यवस्था की जाएगी. जिसमें फल, चाय, मिठाई, पानी, दवा आदि सभी जरूरत की चीजें उपलब्ध कराई जाएंगी. शिव भक्तों को पूजा करने के बाद गाड़ी से वापस लाने का भी काम किया जाएगा. इस अवसर पर युवा लायंस फोर्स के दर्जनों नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### जमुआ में कानूनी जागरुकता शिविर

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ प्रखंड परिसर स्थित सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के आदेशानुसार विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर एक कानूनी जागरुकता सह साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पीएलवी (पैरा लीगल वॉलंटियर) सुबोध कुमार साव ने उपस्थित लोगों को कानून संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया में कोई भी न्याय से वंचित न रहे. यह मानवाधिकारों की सुरक्षा और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है. उन्होंने कहा कि यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को अन्याय के खिलाफ एकजुट होने का अवसर प्रदान करता है.

### नगरी में विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**डुमरी (गिरिडीह)।** नगरी दुर्गा मंदिर के पास गुरुवार को एक नए विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया. जानकारी के अनुसार, लगभग 15 दिन पहले यह ट्रांसफार्मर जल गया था, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने यूनियन को दी थी और नया ट्रांसफार्मर लगाने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया था. यूनियन के प्रयासों से बिजली विभाग ने 100 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया. यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो ने कहा कि उनकी यूनियन ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है. इस अवसर पर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष भगतु रविदास उर्फ रवि, केंद्रीय महासचिव रवीन्द्र कुमार, केंद्रीय सचिव मोहन महतो और सदस्य त्रिवेणी दास आदि उपस्थित थे.

### उद्यमियों ने उद्योग कार्यशाला में लिया भाग

**बोकारो।** रांची के रबीएनआर, चाणक्य में झारखंड सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन प्रोग्राम में बोकारो जिले के उद्यमियों ने हिस्सा लिया. इस कार्यशाला के तहत उपस्थित निवेशकों और उद्यमियों को उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई. उद्योग निदेशक विशाल सागर (आईएएस) और जियाडा उद्योग निदेशक वरुण रंजन ने लॉजिस्टिक्स, पीएम एकता मॉल, फार्मा पार्क, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, प्लास्टिक पार्क, आईटी टॉवर, इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग जैसी योजनाओं पर विस्तार से बताया. इसका उद्देश्य उद्यमियों को इन योजनाओं से मिलने वाले संभावित लाभ और सुविधाओं से अवगत कराना था.

### तरुण गुप्ता की 6 साल बाद बीजेपी में वापसी

**गिरिडीह।** जामताड़ा के तरुण गुप्ता की छह साल बाद भारतीय जनता पार्टी में वापसी हो गई है. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के बरगंडा स्थित अपने आवास पर उन्हें बीजेपी की सदस्यता दिलाई. इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि तरुण गुप्ता जामताड़ा के सर्वमान्य नेता हैं. उनके दोबारा बीजेपी में आने से पार्टी काफी मजबूत हुई है और इसका असर संथाल परगना सहित पूरे राज्य की राजनीति पर पड़ेगा. मौके पर तरुण गुप्ता ने कहा कि छह साल बाद बीजेपी में वापसी से वह काफी उत्साहित हैं. उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में पार्टी के संगठन विस्तार की हरसंभव कोशिश की जाएगी. बता दें कि तरुण गुप्ता ने 2024 में जेएलकेएम के प्रत्याशी के रूप में जामताड़ा से विस चुनाव लड़ा था.

# विधायक कल्पना ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण और उद्घाटन

शुभम संदेश। बेंगाबाद (गिरिडीह)



गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने गुरुवार को बेंगाबाद का दौरा किया, जहाँ उन्होंने वन विभाग द्वारा निर्मित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया. इस अवसर पर उन्होंने परिसर में चंदन का पौधा भी लगाया. कार्यक्रम में डीएफओ मनीष कुमार तिवारी, एसपी डॉ. विमल कुमार, डीडीसी स्मृति कुमारी, रेंजर सुरेश रजक, प्रमुख मीना देवी समेत कई अधिकारी उपस्थित थे.

**महिला कॉलेज, स्टेडियम और आटा चक्की का उद्घाटन :** विधायक ने महुआर स्थित 36.90 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन महिला कॉलेज का स्थल निरीक्षण किया. भवन निर्माण निगम के जेई रमन कुमार सिन्हा ने बताया कि कॉलेज भवन का निर्माण कार्य 21 महीने के भीतर पूरा किया जाएगा. विधायक ने कर्णपुरा में निर्माणाधीन स्टेडियम स्थल और सीएलएफ द्वारा खोले गए आटा चक्की केंद्र का भी उद्घाटन किया.

**छात्रों का सम्मान और महिला मंडलों को प्रोत्साहन :** बेंगाबाद के घुठिया प्लस टू हाई स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विधायक ने मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया. चपुवाडीह पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक ने महिला सखी मंडल को 2.64 लाख रुपये का चेक प्रदान किया, ताकि महिलाएं छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकें. इस अवसर पर पौधारोपण भी किया गया.

**वन विभाग की महत्वाकांक्षी योजना का निरीक्षण :** विधायक ने पुरनी घाघरा में वन विभाग द्वारा बनाए जा रहे डेढ़ करोड़ लीटर क्षमता वाले डेम निर्माण कार्य स्थल का निरीक्षण किया. डीएफओ मनीष कुमार तिवारी ने बताया कि तिलैया जंगल अजय नदी का उद्गम स्थल है और डेम बनने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधा बेहतर होगी. पूर्व में डीवीसी द्वारा बना डेम क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसे सुदृढ़ करने हेतु एक्शन प्लान तैयार किया गया है.

**फरियादियों और मीडिया से दूरी :** चपुवाडीह में आयोजित कार्यक्रम में 'मंईयां सम्मान योजना' से वंचित महिलाएँ विधायक से मिलने को व्याकुल दिखीं, लेकिन सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोके जाने पर कुछ महिलाएँ रो पड़ीं. सुनीता देवी और पिंकी देवी ने आरोप लगाया कि वे घंटों इंतजार करने के बावजूद अपनी बात नहीं रख सकीं. इस दौरान मीडियाकर्मियों ने विधायक से बात करने का प्रयास किया, लेकिन विधायक ने संवाद नहीं किया. केवल महिला मंडलों के सवाल पर उन्होंने संगठन से संपर्क करने की सलाह दी.

## जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी : सोरेन



**गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी और हर समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा. सोरेन गुरुवार को गिरिडीह परिसदन में बैठक में बोल रही थीं. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतर्क और सक्रिय रहें. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार आम लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है. इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया. उन्होंने बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की स्थिति की समीक्षा की गई.

# जमीन विवाद में दंपति को कुल्हाड़ी से मारा, घायल



शुभम संदेश। गावां (गिरिडीह)

गावां थाना क्षेत्र के पहाड़पुर में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का एक मामला सामने आया है. इस संबंध में रीना देवी (पति नरेश यादव) ने गावां थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है. बताया जा रहा है कि गुरुवार को रीना देवी अपने पति नरेश यादव के साथ घर से 100 मीटर दूर अपने खेत में काम कर रही थीं. इसी दौरान खेत की सीमा को लेकर विवाद करते हुए हरि यादव, कैलाश यादव (दोनों पिता स्व. रौशन यादव), मिथिलेश यादव, प्रदीप कुमार, सरिता देवी, बसंती देवी, महेश यादव और सुरभी देवी (सभी ग्राम पहाड़पुर निवासी) गाली-गलौज करते हुए खेत पर पहुँचे. आरोप है कि इन सभी ने नरेश यादव और रीना देवी पर हमला कर दिया. मिथिलेश यादव ने कुल्हाड़ी से वार कर नरेश यादव का माथा फाड़ दिया, जबकि अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ वार कर दंपति को घायल कर दिया. दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में करने के बाद, उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है.

# स्कूलों के द्वार पर लिखें 'तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान' : डीईओ

शुभम संदेश। बोकारो



उपायुक्त के आदेशानुसार, सिविल सर्जन बोकारो और जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो के संयुक्त निर्देशन में कसमार एवं पेटरवार के सभी +2 स्कूलों के प्राचार्यों, बीपीओ (प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी) और बीआरपी (प्रखंड संसाधन व्यक्ति) के लिए पेटरवार प्रखंड कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया.

**'टाफी' गाइडलाइन के 9 बिंदुओं पर कार्य करने का निर्देश :** कार्यक्रम की शुरुआत में जिला परामर्शी मो. असलम ने बोकारो में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया. जिला परामर्शी ने सभी प्रतिभागियों को बताया कि विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त रखने के लिए 'टाफी' गाइडलाइन के अनुसार कुल 9 बिंदुओं पर कार्य करना है. इनमें मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करना है कि स्कूल के मुख्य प्रवेश द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का दीवार लेखन किया जाए. शिक्षण संस्थान की चारदीवारी से 100 मीटर की दूरी पर नो स्मोकिंग लाइन (तम्बाकू मुक्त क्षेत्र) अंकित किया जाए. यदि 100 मीटर के दायरे में कोई दुकान तम्बाकू उत्पाद बेच रही है, तो ऐसी दुकानों को चिह्नित कर संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें, ताकि कोटपा 2003 की धारा 6बी के उल्लंघन पर उनका चालान किया जा सके. नोडल पदाधिकारी एनसीडी डॉ. सुधा सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के उपरांत सभी स्कूल के प्राचार्य टाफी गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए स्वयं मूल्यांकन फॉर्म भरकर कार्यालय में अवश्य जमा करेंगे. इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो. असलम (जिला परामर्शी एनटीसीपी), छोटेलाल दास एवं कसमार एवं पेटरवार के सभी प्रतिभागी उपस्थित थे.

# अपात्र कार्डधारी स्वयं करें राशन कार्ड सरेंडर : डीडीसी

## खास बातें

- सरेंडर नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई
- ई-केवाईसी शत प्रतिशत कराने का दिया आदेश

शुभम संदेश। बोकारो



समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में ऐसे सभी राशन कार्डधारी जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए)/ ग्रीन राशन कार्ड आदि की पात्रता पूरी नहीं करते, वे स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड सरेंडर कर दें. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई अपात्र कार्डधारी समय रहते स्वेच्छा से कार्ड नहीं लौटाता है, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

**ग्राम सभा में अपात्रों के नाम होंगे विलोपित, स्वच्छता पर जोर :** डीडीसी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपात्र लाभार्थी या जिन्होंने पिछले 6 से 12 माह तक खाद्यान्न का उठाव नहीं किया है, उनकी पहचान सुनिश्चित करते हुए उनके नामों की ग्राम सभाओं में घोषणा करें और निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनके नाम राशन कार्ड से विलोपित करें. उन्होंने जोर दिया कि सरकार की मंशा है कि पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को ही योजना का लाभ मिले, क्योंकि अपात्र लोगों के कारण कई वंचित लोग लाभ से दूर हैं. डीडीसी ने जिले में संचालित मुख्यमंत्री दाल-भात केंद्रों में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान केंद्रों का औचक निरीक्षण करने और केंद्र संचालकों को आमजनों को गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि दाल-भात केंद्र जरूरतमंदों एवं श्रमिक वर्ग के लिए संचालित कल्याणकारी योजना है, इसलिए इन केंद्रों की कार्यप्रणाली पर सतत निगरानी जरूरी है.

**पारदर्शिता, लंबित मामलों का निष्पादन और किसान पंजीकरण :** बैठक में डीडीसी ने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों में खाद्यान्न वितरण संबंधित सभी अभिलेखों – वितरण पंजी, स्टॉक पंजी आदि का विधिवत, अद्यतन एवं स्पष्ट संधारण करने को कहा, भले ही सभी कार्य ऑनलाइन निष्पादित हो रहे हों. उन्होंने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ)/विपणन पदाधिकारी (एमओ) को इसके लिए सतत निगरानी करने और पीडीएस दुकानदारों को निर्देशित करने को कहा. डीडीसी ने पीजीएमएस पोर्टल पर लंबित आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि 534 प्राप्त आवेदनों में से 421 का निष्पादन हुआ है, लेकिन अभी भी 113 आवेदन लंबित हैं, जिन्हें जल्द निष्पादित करने को कहा गया. साथ ही, राशन कार्डधारियों के ई-केवाईसी कार्य को भी शत-प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी भी जरूरतमंद का नाम राशन कार्ड से न कटे. चंद्रपुरा एवं नावाडीह प्रखंड को इस पर विशेष ध्यान देने को कहा गया. वित्तीय वर्ष 2024-25 धान अधिप्राप्ति की समीक्षा करते हुए, कसमार प्रखंड के मुरहुलसुदी, मधुकरपुर एवं पोटसो पैक्सों से धान को अविलंब संबंधित मिलर तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि संबंधित किसानों को भुगतान किया जा सके. ऐसा न करने पर पैक्सों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की चेतावनी दी गई. कृषि एवं सहकारिता विभाग के पदाधिकारियों को जिले के किसानों का पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया. डीडीसी ने सुनिश्चित करने को कहा कि धान की खेती करने वाला कोई भी किसान विभाग में पंजीकरण कराने से वंचित न रहे, ताकि धान विक्रय के समय उन्हें कोई परेशानी न हो. बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला कृषि पदाधिकारी मो. शाहिद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (बीएसओ), मार्केटिंग ऑफिसर (एमओ), विभिन्न पैक्सों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### मोबाइल टावर से बैटरी और केबल चोरी में दो गिरफ्तार

**बोकारो (शुभम संदेश)।** पुलिस ने मोबाइल टावरों से बैटरी और केबल चोरी के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया है. यह जानकारी गुरुवार को सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने सिटी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में दी. सिटी डीएसपी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही टावर केबल चोरी की घटनाओं के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (नगर) के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर लगातार छापेमारी और सूचना संकलन की जा रही थी. इसी क्रम में 16/17 जुलाई, 2025 को एक गुप्त सूचना मिली कि नटखट दुकान स्थित टावर से केबल तार की चोरी की जा रही है. इस सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक ने विशेष छापेमारी दल को सूचित किया. दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकाश कुमार और राहुल कुमार उर्फ राहुल घांसी को मौके से गिरफ्तार कर लिया. उनके पास से प्लास्टिक के बोरे में टावर से काटे गए 70 मीटर केबल तार, एक हेक्सा ब्लेड, दो ब्लेड, एक चाकू और दो बैटरी बरामद किया. इनकी निशानदेही पर बोकारो शहर के अलग-अलग स्थानों से चोरी किए गए केबल तार और बैटरी भी बरामद की गईं.

### एसटीईएम एजुकेशन पर जिला स्तरीय कार्यशाला

**बोकारो (शुभम संदेश)।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में सीबीएसई द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट लेवल डेलीबरेशन के तहत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. यह कार्यशाला विद्यालय के स्वामी तेजोमयानंद सभागार में हुई. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप-प्राचार्य नरमेन्द्र कुमार, डॉ. अभिषेक कुमार पांडेय, सुरेश कुमार और गिरिजेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन से हुई. इस कार्यशाला में बोकारो जिले के 13 विभिन्न विद्यालयों से कुल 25 शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भाग लिया. सभी आमंत्रित शिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर अपनी शानदार और ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियाँ दीं. इनमें नवाचार, शिक्षण विधियाँ, सेलो, एसटीईएम एजुकेशन, मैथ्स मीट रियल लाइफ, ए जर्नी टुवड्र्स द फ्यूचर, ट्रांसफॉर्मिंग रूरल कम्युनिटीज, ब्लूमिंग फ्यूचर्स, द स्कूल एजुकेशन, एक्सपेरिमेंटल लर्निंग, डाटा फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर, पावरफुल स्मार्ट अडेप्टिव एंड ईज़ी टेस्टिंग और आधुनिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग जैसे विषयों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में प्रो. डॉ. अभिषेक कुमार पांडेय, प्रो. सुरेश कुमार और गिरिजेश कुमार निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे.

### भाकपा माले का धरना आज

**गावां (शुभम संदेश)।** भाकपा माले (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी) की ओर से 18 जुलाई को गावां में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा. उक्त आशय की जानकारी पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने दी. उन्होंने कहा कि विगत दिनों आनंद कुमार की बेरहमी से हत्या किए जाने की भाकपा माले कड़ी निंदा करती है. धनवार विधानसभा क्षेत्र में लगातार हत्याएँ हो रही हैं. इसके पहले सांख में नीलेश यादव और धनवार के बाघमारा में उदय यादव की हत्या की गई थी. बरदौनी में सामूहिक आदिवासी परिवार की हत्या और 2023 में चाची-भतीजी की हत्या भी हुई थी. आज तक उदय यादव के हत्यारों के अलावा चाची-भतीजी की हत्या का उद्भेदन (खुलासा) नहीं हो सका है. आनंद कुमार के धड़ बरामद करने के बाद भी अब तक सिर बरामद करने में पुलिस कामयाब नहीं हो पाई है. राजकुमार यादव ने आगे कहा कि क्षेत्र में दहेज हत्या, लड़कियों का अपहरण जैसी अनेक घटनाएँ हो रही हैं, लेकिन पुलिस को जिस तरह निपटना चाहिए, वह निपट नहीं पा रही है.

### बोकारो बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन शुरू

**बोकारो (शुभम संदेश)।** बोकारो बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है. बोकारो कोर्ट परिसर में चुनावी गहमागहमी का माहौल देखने को मिल रहा है. गुरुवार से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हो गई है, जो 23 जुलाई तक जारी रहेगी. चुनाव 2 अगस्त, 2025 को होगा, जबकि मतगणना 3 अगस्त को निर्धारित की गई है. इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सचिव सहित कई अन्य पदों के लिए प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. गुरुवार को पहले दिन कई अधिवक्ताओं को नामांकन पत्र खरीदते हुए देखा गया. इस चुनाव में कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिनमें चंद्रपुरा, जरीडीह, दुगदा थानों को बोकारो जजशिप में जुड़वाना, अधिवक्ताओं के लिए बोकारो स्टील प्लांट से क्वार्टर दिलाना, अधिवक्ता सुरक्षा और मेडिक्लेम जैसी सुविधाएँ शामिल हैं. बोकारो कोर्ट में लगभग 1200 अधिवक्ता पंजीकृत हैं, जो इस चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे.

### पिहरा में बलदेव साव की पुण्यतिथि मनी

**गावां (शुभम संदेश)।** गावां प्रखंड स्थित पिहरा गाँव में बुधवार को बलदेव साव की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह और स्वर्गीय बलदेव साव के सुपुत्र व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश साव उपस्थित थे. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर्गीय बलदेव साव की प्रतिमा पर पुष्पार्पण व माल्यार्पण कर किया गया. बाद में मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि जब भाजपा द्वारा अलग झारखंड राज्य का निर्माण किया गया और बाबूलाल मरांडी पहले मुख्यमंत्री बने, तब उग्रवाद राज्य की सबसे बड़ी समस्या थी. उग्रवाद के कारण राज्य का समुचित विकास नहीं हो पा रहा था. सांसद साहू ने बताया कि बलदेव साव जैसे लोगों ने उग्रवाद का डटकर विरोध किया. उग्रवादियों ने आज से 22 वर्ष पहले बलदेव साव की निर्मम हत्या कर दी थी. उग्रवादियों ने सोचा था कि बलदेव साव जैसे लोगों को समाप्त करने के बाद उनका साम्राज्य कायम रहेगा, लेकिन स्वर्गीय साव से प्रेरणा लेकर कई लोग उग्रवाद के खिलाफ उतर गए.

### महिला समिति का सावन मिलन समारोह

**बोकारो (शुभम संदेश)।** महिला समिति, बोकारो की सदस्यों द्वारा बोकारो क्लब में एक भव्य सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर समिति की सभी सदस्य हरे परिधानों में सजी-धजी नजर आईं, जो सावन के पारंपरिक उल्लास को दर्शाता था. आयोजन का शुभारंभ अध्यक्ष अनिता तिवारी के आगमन से हुआ. सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक अतिथियों का स्वागत किया. सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार के नेतृत्व में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें सावन के उपलक्ष्य में कविताएं, गीत और नृत्य शामिल थे. इस समारोह में 'सावन क्वीन' का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया. साथ ही, सबसे सुंदर मेहंदी और आकर्षक केश विन्यास वाली सदस्यों को भी पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल और आयोजन शामिल थे. सावन का झूला सजाया गया, नई सदस्यों का स्वागत किया गया, सावन के गीत गाए गए और स्वादिष्ट स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई. इस भव्य समारोह का आयोजन सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी की कुशल देखरेख में संपन्न हुआ. महिला समिति के इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपसी सौहार्द व प्रेम को बढ़ाना था. इसके साथ ही, महिलाओं में समाज सेवा के प्रति जागरुकता उत्पन्न करना और उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी एक प्रमुख लक्ष्य था.

## ब्रीफ खबरें

### बुधन मंडल हत्याकांड में ढोलक को मिली जमानत

**धनबाद।** बुधन मंडल हत्याकांड का आरोपी अभिषेक उर्फ ढोलक सिंह को गुरुवार को जमानत मिल गई. वही मंडल कारा गेट के समीप काफी संख्या में समर्थक मौजूद रहे. जानकारी के अनुसार ढोलक सिंह को कोर्ट ने 10 महीने के बाद जमानत मिली है. वही गुरुवार की देर शाम मंडल कारा गेट पर काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे. बताते चले कि झरिया के विक्ट्री कुम्हारगढ़ा पोखरिया निवासी बुधन मंडल की हत्या मामले में जेल में बंद पूर्व सांसद पीएन सिंह के रिश्तेदार अभिषेक सिंह उर्फ ढोलक सिंह को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई. बुधवार को हाईकोर्ट में ढोलक की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका को मंजूर कर लिया. गुरुवार को जमानत याचिका का आदेश धनबाद पहुंचने पर 10 महीने बाद ढोलक सिंह जेल से बाहर आया. 21 सितंबर 2024 की रात कुम्हारगढ़ा पोखरिया के पास बुधन को गोली मारी गई थी. अगले दिन नावाडीह के एक अस्पताल से इलाज के लिए दुर्गापुर ले जाने के दौरान बुधन की मौत हो गई थी.

### सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों को किया जागरूक

**धनबाद।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय को जानकारी प्राप्त हुई है कि साइबर ठग सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों से लाखों रुपये की ठगी कर रहे हैं. हाल ही में कुछ मामले सामने आए हैं, जिनमें ठग स्वयं को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद का अधिकारी या कर्मचारी बताकर संपर्क करते हैं. ये ठग पेंशन शीघ्र दिलाने का वादा, पेंशन बंद होने की झूठी सूचना, बैंक/पेंशन संबंधी दस्तावेजों की तत्काल आवश्यकता का बहाना या अन्य भ्रामक जानकारी देकर ओटीपी और बैंक विवरण प्राप्त कर ठगी कर रहे हैं. सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी किसी व्यक्ति के निजी फोन या मोबाइल नंबर पर बैंक खाता, ओटीपी, पेंशन संख्या, आधार नंबर या अन्य संवेदनशील जानकारी नहीं मांगता. अतः सलाह दी जाती है कि बैंक या पेंशन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें, ताकि साइबर ठगी से बचा जा सके.

# पंचायती राज में धनबाद ने रचा कीर्तिमान, मिला प्रशस्ति पत्र

## जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के नेतृत्व में मिली उपलब्धि




**शुभम संदेश। धनबाद**

पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 के अंतर्गत रांची के होटल चाणक्या बीएनआर में आयोजित कार्यशाला में धनबाद जिले को स्थानीय स्वशासन और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया. यह उपलब्धि जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के कुशल नेतृत्व, सक्रिय जनप्रतिनिधियों और समर्पित प्रशासनिक अधिकारियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है. गुरुवार को को आयोजित इस राज्य स्तरीय समारोह में उप विकास आयुक्त धनबाद की उपस्थिति में जिले को यह सम्मान प्रदान किया गया, जिसने धनबाद की पंचायती राज व्यवस्था को राज्य स्तर पर विशेष पहचान दिलाई. जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह सम्मान धनबाद के जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और ग्रामीण जनता की मेहनत और भागीदारी का प्रतिफल है. हमारा लक्ष्य पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनकल्याणकारी बनाना है. कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने पंचायत उन्नति सूचकांक के मापदंडों पर चर्चा की और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया. धनबाद की यह उपलब्धि पूरे झारखंड के लिए प्रेरणास्रोत बनी है.

# गोड्डा इंटरसिटी से 7 बच्चे रेस्क्यू

- पाँच को भेजा गया सहयोग विलेज



**शुभम संदेश। धनबाद**

सीडब्ल्यूसी के आदेश से टीम बनाकर बीती रात गोड्डा इंटरसिटी से सात बच्चों को रेस्क्यू किया गया. सभी बच्चे बिहार के बांका जिले से हैं. दो को वयस्क होने के कारण मुक्त कर दिया गया. शेष पाँच बच्चों को सेफ शेल्टर के लिए चिकित्सकीय परीक्षण के बाद बोकारो सहयोग विलेज में आवासित किया गया है. सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी ने बताया झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के शंकर रवानी की ट्रैफिकिंग से संबंधित सूचना पर उन्होंने आरपीएफ एवं चाइल्ड लाइन की टीम को अलर्ट किया. ट्रेन रात को जैसे ही पहुंची चाइल्ड लाइन की टीम आरपीएफ और जीआरपी के साथ एस 4 कोच से बच्चों को रेस्क्यू किया. गुरुवार को बच्चों को सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया गया. बच्चों ने बताया कि वे हबीबिया मदरसा, राउरकेला में पढ़ते हैं. हालांकि दो बच्चों के पास कोई डॉक्यूमेंट्स नहीं था.बच्चों के साथ कोई अभिभावक भी नहीं था. हबीबिया मदरसा के संबंध में जांच पड़ताल जारी है. बच्चों के संबंध में बांका जिला से सामाजिक अन्वेषण प्रतिवेदन मांगा गया है.
कार्रवाई में चेयरपर्सन के अलावा सीडब्ल्यूसी सदस्य ममता अरोड़ा, संध्या सिन्हा, नीतू सिन्हा, डीसीपीयू से मदन मोहन महथा, रूपेश कुमार , चाइल्ड लाइन के विकास कुमार , नितेश कुमार , पूजा , सहायक निखिल मंडल , पीएलवी अदिति एवं सीता कुमारी आदि ने सहयोग दिया.

## पंचायतों के मेठ, मुखिया, रोजगार और पंचायत सेवक को शो कॉज

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड में संचालित मनरेगा की विभिन्न योजनाओं में अनियमितता का मामला सामने आया है. मामले को लेकर प्रखंड स्तर से चार पंचायतों के मेठ, मुखिया, रोजगार और पंचायत सेवक को शो कॉज जारी किया गया है. तोपचांची प्रखंड के मदैयडीह, चितरपुर, खेशमी और पावापुर पंचायत में पाया गया कि मनरेगा योजना के तहत कार्य करने वाले मजदूरों का नाम दो मस्टर रोल में शामिल है. जबकि एक दिन में कोई भी मजदूर किसी एक ही जगह पर काम कर सकता है. ऐसे में इसकी जांच संबंधित पंचायत के कनीय अभियंता एवं संबंधित अधिकारियों से करायी गई. मामला सामने आने के बाद इन सभी को मस्टर रोल में हुई गड़बड़ी को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया गया है.

# पूर्व सांसद एके राय की प्रतिमा लगाने का निर्णय



**शुभम संदेश। सिन्दरी**

गुरुवार को गठबंधन की बैठक में पूर्व सांसद एके राय की आदमकद प्रतिमा की आधारशिला पीडीआईएल गेट के मुख्य द्वार पर स्थापित करने का निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता कामरेड आनंद महतो ने की, जबकि संचालन राजीव मुखर्जी ने किया. आनंद महतो ने कहा कि एके राय का राजनीतिक जन्म सिन्दरी की धरती पर हुआ. किसानों और मजदूरों के शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए अपनी नौकरी छोड़कर राजनीति की राह चुनी. बैठक में स्व. राय के जीवन, संघर्ष और विचारधारा पर भी चर्चा हुई और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मौके पर सुरेश प्रसाद, राजीव मुखर्जी, पूर्णेन्दु सिंह, सत्येंद्र सिंह, विमल रवानी, छोटन चटर्जी, जीतू सिंह, शुभम सिंह, सहदेव सिंह, विरींची महतो, दशरथ ठाकुर, राजू पांडे, राजा बाबू, जेपी सिंह, पिंटू मलिक, टिंकू यादव, नरेश सिंह, विजय राम, अमित सिंह, सुरेंद्र हेमराम, फूलचंद मरांडी, मनोज कुमार और निमाई दे आदि थे.

# सदर अस्पताल में बढ़ी सुविधाएं बढ़ रहा मरीजों का रूझान

**शुभम संदेश। धनबाद**



सदर अस्पताल अपने नए अंदाज में नजर आने लगा है, पहले जहाँ एक्के दुक्के ही मरीज आते थे. वही इलाज की सुविधाएं बढ़ने पर मरीजों का भारी तादाद में सदर अस्पताल की ओर रुख होने लगा है. अब यहां लिवर प्रोफाइल के तहत टोटल बिलीरुबिन, डायरेक्ट बिलीरुबिन, इनडायरेक्ट बिलीरुबिन, एसजीओटी, एसजीपीटी, एएलपी, टोटल प्रोटीन, एल्ब्यूमिन तथा ग्लोब्युलिन का टेस्ट उपलब्ध हो गया है. वहीं किडनी प्रोफाइल में क्रिएटिनिन, यूरिया, यूरिक एसिड, सोडियम, पोटेशियम व क्लोराइड, लिपिड प्रोफाइल के तहत कोलेस्ट्रॉल ट्राइग्लिसराइड, एचडीएल, एलडीएल, वीएलडीएल की सुविधा भी उपलब्ध है. इसके अलावा पैंक्रियाटिक एंजाइम के तहत एमाइलेज, लाइपेज, सीरम कैल्शियम,एलडीएच तथा हेमेटोलॉजी में सीबीसी, टीएलसी, डीएलसी व हेमेटोक्रिट टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है.
उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि अब सदर अस्पताल आने वाले मरीजों को उपरोक्त टेस्ट कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा. उपरोक्त सारे टेस्ट अब सदर अस्पताल में ही निःशुल्क किए जाएंगे. इससे पहले सदर अस्पताल में हीमोग्लोबिन, वायरल मार्कर, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, ब्लड शुगर, थायराइड इत्यादि के टेस्ट की सुविधा थी. परंतु अब यहां उच्च गुणवत्ता के बायोकेमेस्ट्री सेमी ऑटोमेटिक एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, एचडी बायो सेंसर, एलाइजा मशीन, कंपलीट ब्लड काउंट के दो मशीन उपलब्ध है, जिसमें यहां आने वाले मरीजों के लिए विभिन्न तरह के टेस्ट करने की सुविधा है. दिव्यांग बच्चों और बुजुर्गो के लिए नियमित जाँच शिविर भी लगाये जा रहे हैं.

### डालसा के शिविर में पहुंच रहे दिव्यांग

डालसा यानी धनबाद जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत 6 से 20 जुलाई तक आयोजित शिविर के तहत सदर अस्पताल में लगाये गए विशेष कैंप में भारी संख्या में दिव्यांग पहुंचे . दिव्यांगों का विभिन्न विभागों के डॉक्टरों द्वारा जाँच की गई एवं उनके बीच दिव्यांग प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया .

# बीएमएस ने किया सेंट्रल हॉस्पिटल का निरीक्षण



**शुभम संदेश। धनबाद**

कोल इंडिया सीपीआरएमएस-एनई, भारतीय मजदूर संघ के सदस्य प्रतिनिधि ओम कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार से निरंतर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के विभिन्न क्षेत्रों के चिकित्सालयों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सुविधा के लिए निरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसी के तहत गुरुवार को केंद्रीय चिकित्सालय, जगजीवन नगर, धनबाद में उनके द्वारा निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान केंद्रीय चिकित्सालय के आंतरिक एवं बाह्य वार्डों, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, दवा वितरण काउंटर सहित अन्य सुविधाओं का जायजा लिया गया. इस निरीक्षण में उनके साथ सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, महामंत्री मुबारक हुसैन, धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के संयुक्त महामंत्री नवनीत सिंह, मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी दिलीप कुमार, क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार, शाखा सचिव नियाज़ अहमद, कृष्णा कुमार राय, हरे राम प्रसाद, जितेंद्र टुडु, दयानंद पासवान, सीताराम महतो, सीताराम सहित संघ के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## आसनसोल

# प्रधानमंत्री मोदी आज दुर्गापुर में

- भाजपाई प्रचार में जुटे

**शुभम संदेश। कुल्टी**



18 जुलाई को दुर्गापुर नेहरू स्टेडियम में आयोजित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन सभा को सफल बनाने के लिए भाजपा द्वारा पूरे पश्चिम बर्दवान ,पूर्व बर्दवान, पुरुलिया जिला में आमंत्रण किया जा रहा है. इसी कड़ी में कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ अजय पोद्दार गुरुवार को कुल्टी के चीना कुड़ी बाजार में अपने कार्यकर्ताओं के साथ पीएम मोदी की सभा को सफल बनाने के लिए हैंड बिल का वितरण कर रहे थे. इस बीच चीना कुड़ी रेल लाइन किनारे एक फल दुकान में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक सह पार्टी के पूर्व जिला चेयरमैन से मुलाकात हुई, जहां भाजपा विधायक ने तनिक भी देर न करते हुए उनके साथ सौजन्य मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली, जहां उन्होंने मोदी जी के कार्यक्रम की मुखस्तर जानकारी दी, हालांकि इस दोनों ने कोई राजनीतिक मनोभाव से साफ इनकार किया है. लेकिन यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, लोग तरह-तरह की बातें भी कर रहे हैं जो भी हो लेकिन यह मामला राजनीति के गलियारे में खूब हंगामा मचा रहा है.

### आदिकर्ण फाउंडेशन ने चलाया अभियान



**कुल्टी।** आगामी 18 जुलाई को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुप्रतीक्षित आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है . इस अवसर को भव्य बनाने और जनता को जोड़ने के लिए समाजसेवी संस्था आदिकर्ण फाउंडेशन ने पूरी तरह से सक्रिय भूमिका निभा रहा है . फाउंडेशन द्वारा दुर्गापुर और आस-पास के क्षेत्रों में विशेष बैनर लगाए गए हैं और जन जागरूकता अभियान चलाया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री के स्वागत और उनके प्रेरणादायक भाषण को सुनने के लिए एकत्र हों . अदिकार्ना फाउंडेशन के चेयरपर्सन संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमारे देश के गौरव के साथ विश्व के एक प्रभावशाली नेता हैं . 27 देशों ने राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है . उनका दुर्गापुर आगमन पश्चिम बंगाल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा . प्रधानमंत्री द्वारा हजारों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा की जा सकती है, जो न केवल दुर्गापुर बल्कि पूरे पश्चिम बंगाल और खासतौर पर आसनसोल क्षेत्र के लिए एक बड़ा उपहार होगी . फाउंडेशन ने नागरिकों से आयोजित रैली और रोड शो में भाग लेने की अपील की है .

# बराकर ओल्ड जीटी रोड नाली पाड़ा में नशेढ़ियों का आतंक

- विरोध करने पर करते हैं लोगों की पिटाई
- कई बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं
- नशीले पदार्थों की खुलेआम होती है बिक्री और जमकर होता है सेवन

**शुभम संदेश। बराकर**

बराकर ओल्ड जीटी रोड नाली पाड़ा डायमंड मैदान के पीछे नशेडियों के द्वारा अवैध धंधा से पूरे मोहल्ले के लोगों का जीना हुआ दुश्वार हो गया. कुछ लोग कहते हैं तो ग्रामीणों को सुनियोजित तरीके से शिकार बनाया जा रहा है. अकक्सर मारपीट की जाती है. घटना लगातार होने से त्रस्त नाली पाड़ा के दर्जनों लोगों ने बुधवार को बराकर पुलिस फाड़ी पहुंच एक मास पिटिशन दायर कर कार्यवाही की मांग की है. इस संदर्भ में उपस्थिति लोगों में अजीत मंडल, समीर दा ने बताया कि विगत कई दिनों से देखा जा रहा है कि ओल्ड जीटी रोड़ नाली पाड़ा के डायमंड मैदान पुल के पिलर के पीछे, जारवदेवी स्कूल के आसपास ड्रग्स ,गांजा, काटी नामक नशीले पदार्थों की बिक्री ओर सेवन का जोरशोर से धंधा फल फूल रहा है, वहीं मामला बालू तस्करी से भी जोड़ा जा रहा है. मोहल्ले में कही भी किसी के भी घर के सामने नशीले सेवन करने वाले को बोलने पर उन पर सुनियोजित तरीके से हमला किया जाता है, स्थानीय लोग,महिला, छात्राएं न तो मंदिर जा सकती है, नहीं स्कूल. जहां पर इन नशेडियों की बड़ी जमात मंडराते रहती है, टोंटिंग और अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है. जिससे आपसी तनाव को स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इन लोगों ने बताया कि ये सभी लोग स्कूल के पीछे कब्रिस्तान बस्ती के रहने वाले हैं, पुलिस को सारी बातें जानने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती, यहां कभी भी बड़ी घटना घट सकती है, वहीं के रहने वाले सोनू बर्नवाल ने कहा कि रात्रि घर के सामने अभद्रता करने पर मना किया तो इन उपद्रवियों ने कुछ युवकों के साथ हमारे ओर जबरे परिवार के ऊपर हमला कर दिया, जिसकी शिकायत भी पुलिस से की, वही इसी बस्ती के कुछ उपद्रवी लोगों ने कल ही एक जवान को भी घर में घुसकर बेरहमी के साथ पिटाई का मामला सामने आया है. इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कदम उठाते हुए लिखित मामला दिया. वहीं पुलिस घटना को लेकर जाती है तो पुलिस को ही घेर लिया जाता है, आखिर कर एक विशेष समुदाय के ऊपर आरोप होने के बाद भी पुलिस कार्यवाही करने से चूक रही है, अगर ड्रग्स काठी जैसे धंधेबाजों को अविलंब गिरफ्तार नहीं करती है, तो आने वाले समय इसका खामियाजा भी खुद को हो भोगना पड़ेगा.

# पानी के लिए कांग्रेस और टीएमसी ने साथ मिल किया रोड जाम



**शुभम संदेश। नियामतपुर**

कुल्टी के वार्ड नंबर 61 के तृणमूल पार्षद आदिनाथ पुइतांडी की पत्नी संचिता पुइतांडी ने वार्ड नंबर 60 के लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड नंबर 60 के लिए पीने के पानी की मांग को लेकर नियामतपुर जीटी रोड पर सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान नियामतपुर पुलिस ने उन्हें चौकी में मिलने के लिए कहा. पुलिस अधिकारी ने वहां उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वह समस्या को हल करने के लिए नगर निगम के बोरो कार्यालय के अधिकारियों से बात करेंगे. आश्वासन को मिलने के बाद लोगों ने सड़क जाम हटा लिया. कुल्टी ब्लॉक राष्ट्रीय कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सुकांत दास ने कहा कि कुल्टी इलाके में पीने के पानी की समस्या कोई नया मुद्दा नहीं है. कई बार मेयर को इस बारे में बताया गया है.

### कंसावती नदी में नहाते समय किशोर लापता

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** पुरुलिया के टामना थाना क्षेत्र अंतर्गत शिमुलिया गाँव के पास स्थित कंसावती नदी में गुरुवार को नहाने के दौरान विकास दास नामक एक किशोर डूबकर लापता हो गया. वह पुरुलिया ज़िला स्कूल का दसवीं कक्षा का छात्र था और शहर के चिराबाड़ी इलाके का निवासी बताया जा रहा है. परिवार के अनुसार, विकास आज सुबह अपने पाँच दोस्तों के साथ नदी पर गया था. कुछ ही समय बाद उसके साथियों ने घर पर फोन कर यह सूचना दी कि विकास पानी में डूब गया और लापता हो गया है. सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुँचे, और साथ ही पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग की टीम भी मौके पर पहुँची. करीब तीन घंटे तक लगातार खोजबीन के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका. इस घटना की खबर फैलते ही कंसावती नदी के किनारे भारी भीड़ जमा हो गई. आपदा प्रबंधन टीम ने गहरे पानी में तलाश अभियान जारी रखा, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई सफलता नहीं मिल पाई थी.

# कुल्टी वार्ड 70 के केंदुआ बाजार में बनेगी वाटर रिजर्वर टंकी



**शुभम संदेश। कुल्टी**

पश्चिम बंगाल राज्य सरकार की ओर से आसनसोल नगर निगम के माध्यम से कुल्टी के लिए बड़ी सौगात दी गई है. वार्ड 70 के कुल्टी केंदुआ बाजार क्षेत्र में वाटर रिजर्वर टंकी का निर्माण होगा. इस टंकी के निर्माण में 3 करोड़,59 लाख 10 हजार रुपये राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है. अधीक्षण अभियंता के मुताबिक वाटर वॉटर सप्लाई स्कीम अमृत 2. 0 के फेज 3 के तहत वाटर रिजरबार का कार्य प्रारंभ किया जाएगा. इस संबंध में पूर्व वर्दवान के नगरपालिका इंजीनियरिंग निदेशालय के अधीक्षण अभियंता ने आसनसोल नगर निगम के मेयर,मुख्य अभियंता एवं नगर निगम कमिश्नर के अलावा एक्सक्यूटिव इंजीनियर आसनसोल को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है. इस रिर्जवर की ऊंचाई 20 फीट के साथ टैंक की क्षमता 1,770 क्यूसेक पानी जमा होगा. राज्य सरकार के इस फैसले से कुल्टी रेलपार इलाके में सभी चार वार्ड में लोगों को समुचित मात्रा में पेयजल उपलब्ध होगी. बीते कई वर्षों से कुल्टी में पानी की किल्लत लोगों के लिये परेशानी का सबब बना हुआ है. विशेष रूप से कुल्टी रेलपार इलाके में लगभग पच्चास हजार से अधिक लोग निवास करते हैं. जिसमें अधिकांश हिन्दी एवं उर्दूभाषी शामिल हैं. केंदुआ बाजार इलाके के लोगों ने बीते कई वर्षों से बड़े पैमाने पर वाटर रिजर्वर निर्माण करने की मांग कर रहे थे लेकिन उन्हें आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला, जानकारी के अनुसार हर लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में कुल्टी क्षेत्र में पानी मुख्य मुद्दा बना रहता है. वामफ्रंट सराकर के समय हो या वर्तमान में या फिर तृणमूल सरकार की ओर से लगातार कुल्टी में पेयजलापूर्ति को लेकर जनप्रतिनिधियों ने मुख्य मुद्दा बनाया है, लेकिन कुल्टी के कई क्षेत्र में लोगों को आज भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिला.

# कांवरियों का स्वागत कर रहे हैं सरदार मलकीत



**शुभम संदेश। रानीगंज**

कांवरियों का स्वागत एक पारंपरिक और धार्मिक अनुष्ठान है, जिसमें श्रद्धालु भगवान शिव से अपनी भक्ति और समर्पण को प्रकट करते हैं. उक्त बातें परबेलिया गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार मलकीत सिंह ने कही. मलकीत सिंह के नेतृत्व में ट्रेनों से जाने वाले एवं पैदल जाने वाले कांवरिया की सुविधा का ध्यान रख रहे हैं. कांवरिया यात्रा के दौरान उन्हें पुष्प देकर उनका सम्मान कर रहे हैं एवं उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं. कांवरियों के लिए पेयजल, छाया और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जो उनकी यात्रा को सुगम और आरामदायक बनाती हैं. कांवरियों के लिए आरती और पूजा की व्यवस्था की जाती है, जिसमें उन्हें भगवान शिव की पूजा और आरती में शामिल होने का अवसर मिलता है. कांवरियो का स्वागत करने से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और आनंद की प्राप्ति होती है, और यह एकता और भक्ति का प्रतीक है.

